# यूपी के 13 जिलों में बाढ़, बाजार में नावें चलीं

## जलमग्न

## मंत्री बाढ़ प्रभावितों से मिलने ट्रैक्टर से पहुंचे, 65 जिलों में बारिश का अलर्ट

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ/वाराणसी/प्रयागराज। यूपी में लगातार हो रही मानसूनी बारिश से नदियां उफान पर हैं। गंगा और घाघरा समेत 6 नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। 13 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। एक लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का पानी बाजार तक पहुंच गया है। सड़कों पर नावें चल रही हैं। गुप्त गोदावरी की दोनों गुफाएं पर्यटकों के लिए बंद कर दी गई हैं। बहराइच के कई गांव जलमग्न हैं। गुरुवार को मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने ट्रैक्टर पर बैठकर बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। लोगों से मिलकर उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर हैं।




### संभल में बारिश के बाद मौसम बदला, सड़कों पर पानी भरा

संभल और आसपास के इलाकों में बारिश के बाद मौसम बदल गया। करीब एक घंटे बाद धूप निकल आई, लेकिन हवाएं चलने से मौसम सुहावना बना हुआ है। तापमान 30°C दर्ज किया गया, जबकि AQI 163 रहा। बहजोई ब्लॉक के करीब एक दर्जन गांवों में घंटेभर बारिश हुई, जहां 5 मिमी बारिश दर्ज की गई।

### मिर्जापुर में गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा बाढ़ की आशंका

मिर्जापुर में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार सुबह 8 बजे ओझला ब्रिज स्थित केंद्रीय जल आयोग के गेज पर जलस्तर 74.130 मीटर दर्ज किया गया। पिछले 12 घंटे में गंगा का पानी 32 सेंटीमीटर बढ़ा है। फिलहाल जलस्तर 2.666 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है।

लगातार बढ़ते जलस्तर से नदी किनारे और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों को बाढ़ की आशंका सताने लगी है। प्रशासन और संबंधित विभाग नदी के जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं।

> लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार बंगाल की खाड़ी से नम हवाएं आ रही हैं। इसका असर यूपी में पड़ रहा है। 25 अगस्त तक रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।



### बदायूं में गंगा खतरे के निशान के ऊपर बह रहीं, प्रशासन अलर्ट

बदायूं में गंगा का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का खतरा और बढ़ गया है। शुक्रवार को कछला में गंगा का जलस्तर 162.48 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 162.40 मीटर से 8 सेंटीमीटर ऊपर है।

नदी का पानी बढ़ने से तटवर्ती गांवों के लोगों की चिंता बढ़ गई है। शुक्रवार रात नरौरा से 1,34,584 क्यूसेक, बिजनौर से 1,18,978 क्यूसेक और हरिद्वार से 96,491 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

# मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, 2 की मौत

## 25 से ज्यादा घायल, धान की रोपाई करने जा रहे थे

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज। प्रयागराज में शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ट्रॉली में सवार दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि करीब 20 मजदूर घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर के सामने अचानक एक बाइक आ गई। बाइक को बचाने के चक्कर में चालक ने नियंत्रण खो दिया।

ट्रैक्टर डिवाइडर से टकराया और ट्रॉली समेत पलट गया। हादसे के बाद ट्रॉली में सवार मजदूरों में चीख-पुकार मच गई। करीब 30 लोग ट्रॉली के नीचे दब गए। हादसा होते ही आसपास मौजूद ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बचाव कार्य शुरू कर ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने



घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया। पुलिस ने दोनों महिलाओं के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही हादसे की जांच शुरू कर दी है। हादसा शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के प्रयागराज-रीवा हाईवे (NH-30) पर सुरवल साहनी के पास हुआ।

पुलिस के मुताबिक, बारा के सोनरा गांव से करीब 42 मजदूर धान की रोपाई करने शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के सुरवल गांव जा रहे थे। दोनों गांवों के बीच करीब 5 किलोमीटर की दूरी है। सभी मजदूर ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर खेतों में काम करने के लिए निकले थे।

## फास्ट न्यूज

### गोरखपुर महानगर की सूची ने बढ़ाई क्षेत्रीय पदाधिकारियों की चिंता

गोरखपुर । भाजपा की गोरखपुर महानगर कार्यकारिणी की नई सूची ने क्षेत्रीय टीम के पदाधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है। महानगर की पिछली टीम के 81% पदाधिकारियों को इस बार जगह नहीं मिली है। अब इसी तरह के बदलाव की आशंका क्षेत्रीय टीम में भी जताई जा रही है। क्षेत्रीय टीम की घोषणा जल्द होने की चर्चा है।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में 2 घंटे सफाई देते रहे नगर आयुक्त

प्रयागराज । प्रयागराज में बारिश के बाद शहर में 5 फीट तक हुए जलभराव को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा को निर्देश दिया कि अगले 24 घंटे में शहर के निचले इलाकों से जलभराव खत्म कराएं। जहां भी पानी भरा है, वहां पर्याप्त संख्या में वाटर पंप लगाकर तत्काल पानी निकाला जाए। कोर्ट ने नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा से प्रभावित इलाकों की तत्काल कार्ययोजना तैयार कर अगली सुनवाई में पेश करने को कहा है।

### भिखारिन के वेश में घर में घुसी महिला

कैम्पियरगंज। गोरखपुर के पीपीगंज नगर पंचायत के वार्ड-11 बापू नगर में शुक्रवार दोपहर भिखारिन के वेश में एक महिला घर में घुस गई। घर में रखे लाखों रुपये के जेवरात से भरा बैग लेकर वह फरार हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। घटना गोरखपुर-सोनौली मार्ग पर भगवानपुर चौराहे के पास डॉ. परेश कुमार विश्वास के घर हुई।

# जंगली बंदरों का आतंक

## बुजुर्ग को काटकर किया घायल बंदरों के हमलों से ग्रामीणों में दहशत

**तमसा संकेत, संवाददाता**



सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बंभनावा गांव में इन दिनों जंगली बंदरों के आतंक से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। बंदर आए दिन ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। शुक्रवार को भी एक 65 वर्षीय बुजुर्ग पर बंदर ने अचानक हमला कर दिया और काटकर घायल कर दिया। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया।

जानकारी के अनुसार बंभनावा गांव निवासी संतराम शुक्ला पुत्र जगदीश प्रसाद, उम्र करीब 65 वर्ष, शुक्रवार को अपने घर के पास लगे नल पर पानी पीने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान अचानक एक बंदर वहां पहुंच गया और संतराम शुक्ला पर हमला कर दिया। इससे पहले कि वह संभल पाते, बंदर ने उन्हें काटकर घायल कर दिया। बुजुर्ग के शोर मचाने पर आसपास मौजूद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद किसी तरह उन्हें बंदर से बचाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घायल संतराम शुक्ला को उपचार के लिए सीएचसी सूरतगंज ले गए। यहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। उपचार के बाद उनकी हालत सामान्य बताई गई, जिसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें घर भेज दिया।

ग्रामीण राजेश, सूरज, हरिओम समेत अन्य लोगों ने बताया कि बंभनावा गांव में बंदरों का आतंक लंबे समय से बना हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक, इससे पहले भी उक्त बंदर कई लोगों पर हमला कर चुका है। बंदरों के अचानक घरों में घुसने और लोगों पर झपटने की घटनाओं से ग्रामीणों में लगातार डर बना हुआ है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को लेकर ग्रामीण अधिक चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते बंदर को पकड़कर जंगल में नहीं छोड़ा गया तो आने वाले दिनों में कोई बड़ी घटना हो सकती है।

## कमरा अंदर से बंद था, दरवाजा तोड़कर घुसी मध्य प्रदेश पुलिस

# सरकारी गेस्ट हाउस में मिली अफसर की लाश



**तमसा संकेत, एजेंसी**

बाराबंकी । बाराबंकी के रहने वाले सीनियर इनकम टैक्स ऑफिसर की मध्य प्रदेश में गुरुवार रात मौत हो गई। उनकी कटनी में बंद कमरे में लाश मिली है। वह आयकर विभाग के रेस्ट हाउस में ठहरे थे। बिस्तर पर शव पड़ा था। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शरीर पर चोट के निशान भी नहीं हैं। घटनास्थल माधवनगर के बरगवां में है।

माधवनगर पुलिस सूचना पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर गई। वहां कमरे में बेड पर अधिकारी अचेत पड़े थे। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान वरिष्ठ आयकर अधिकारी मानवेंद्र प्रताप सिंह के


मानवेंद्र प्रताप सिंह, मृतक

रूप में की गई है। वह मूलरूप से बाराबंकी के निलालडिया असंदा के रहने वाले विजेंद्र प्रताप सिंह के बेटे थे। कटनी में उनकी पोस्टिंग थी। माधवनगर पुलिस के मुताबिक, सुबह सरकारी ड्राइवर मानवेंद्र प्रताप सिंह के कमरे पर कार की चाबी लेने पहुंचा था। उसने कई बार बेल बजाई और दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। काफी देर तक कमरे से कोई हलचल नहीं हुई। इस दौरान कर्मचारियों को अनहोनी की आशंका हुई। कर्मचारियों ने

> पुलिस की शुरुआती जांच में कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। अधिकारी के शरीर पर चोट के कोई निशान भी नहीं मिले हैं। प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण साइलेंट अटैक माना जा रहा है, लेकिन पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

फौरन पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही माधवनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कमरे का दरवाजा तोड़ा। अंदर अधिकारी बिस्तर पर अचेत अवस्था में पड़े मिले। मानवेंद्र प्रताप सिंह की पोस्टिंग 2024-25 में आयकर विभाग के कटनी कार्यालय में हुई थी। जॉइनिंग के बाद से वह बरगवां स्थित विभागीय गेस्ट हाउस में ही रह रहे थे। शादीशुदा थे। उनका परिवार बाराबंकी में रहता है और वह कटनी में अकेले रह रहे थे।

## ढाई घंटे में दीवार और धर्मकांटा गिराया, मंदिर कमेटी ने शिकायत की थी

# मंदिर की जमीन पर चला बुलडोजर

**तमसा संकेत, एजेंसी**

संभल । संभल में निर्माणाधीन चामुंडा देवी मंदिर की जमीन पर अवैध निर्माण को प्रशासन ने बुलडोजर से ढहा दिया। शुक्रवार दोपहर SDM पुलिसकर्मियों और टीम के साथ पहुंचे। अतिक्रमण हटाने के लिए 1 बजे से शुरू हुई कार्रवाई 3.30 तक चली।

दो मंजिला धर्मकांटा और 100 मीटर लंबी दीवार अवैध तरीके से बनी थी। इसकी वजह से मंदिर निर्माण में दिक्कत आ रही थी। मंदिर कमेटी ने इसकी शिकायत की थी। तहसीलदार कोर्ट के आदेश के बाद आज ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हुई। मामला हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र का है।

एसडीएम विकास चंद्र, तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार शुभम प्रताप सिंह और कानूनगो अमीचन्द कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंचे। इनके अलावा 7 लेखपाल पुष्पेंद्र कुमार, आमोद कुमार, नितिन शर्मा, स्पर्श गुप्ता, गुन्नू बाबू, रोहित कुमार और मुकेश कुमार यादव भी टीम में शामिल रहे। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए नायब तहसीलदार शुभम प्रताप सिंह को प्रभारी बनाया गया था। नगर पंचायत सिरसी की ओर से मजदूर, ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी मशीन उपलब्ध कराई गई।





### मंदिर कमेटी की शिकायत पर जारी हुआ था नोटिस

एसडीएम विकास चंद्र ने बताया कि तहसील संभल के थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र की नगर पंचायत सिरसी में चामुंडा देवी मंदिर का निर्माण हो रहा है। मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत मंदिर कमेटी ने की थी। इसके बाद तहसीलदार न्यायालय ने कथित अवैध कब्जेदार मंजर खां को नोटिस जारी किया था।

सुनवाई के बाद 13 मार्च को न्यायालय ने बेदखली का आदेश दिया। इसके खिलाफ जिलाधिकारी न्यायालय में अपील की गई, जिसे 24 जुलाई को खारिज कर दिया गया। इसके बाद प्रशासन के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई शुरू की।

### बीएचयू के बिरला-ए छात्रावास में अव्यवस्था

वाराणसी । काशी हिंदू विश्वविद्यालय के छात्र शुक्रवार को शाम 5 बजे हॉस्टल के बाहर किताब, बैग और कपड़े लेकर धरने पर बैठ गए। ये छात्र बिरला ए छात्रावास की अव्यवस्थाओं से नाराज हैं। छात्रों के हाथों में छात्रावास की अव्यवस्थाओं से जुड़ी 50 से अधिक तस्वीरें थीं।

धरने पर बैठे छात्रों ने आरोप लगाया कि हॉस्टल में लंबे समय से कई समस्याएं बनी हुई हैं। छात्र करीब एक साल से इन समस्याओं को लेकर शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अब तक स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। एक छात्र ने अपनी किताब और नोट्स दिखाते हुए कहा कि इन्हें दीमक ने खराब कर दिया है। छात्रों का कहना है कि पढ़ाई के लिए जरूरी सामान खराब होने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। छात्रों ने आरोप लगाया कि समस्याओं को लेकर आवाज उठाने पर उन्हें हॉस्टल से बाहर निकलवाने की धमकी भी दी जाती है।

# अस्पताल की लापरवाही से जुड़वां बच्चों की मौत

## सड़क जाम के बाद अस्पताल सील

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सोरांव । सोरांव क्षेत्र के अकारीपुर गांव स्थित एक अस्पताल में कथित लापरवाही के कारण जुड़वां नवजात बच्चों की मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने सोरांव-कलंदरपुर मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए अस्पताल को सील कर दिया है और संचालिका समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस ने अस्पताल संचालिका सुमन, डॉक्टर रोहित और 4-5 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बच्चों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।परिजनों ने बताया कि फूल चंद्र की पुत्री आरती को प्रसव पीड़ा होने पर अकारीपुर के इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।




परिवार के अनुसार, गर्भावस्था की शुरुआत से लेकर अंत तक सभी जांचें इसी अस्पताल में हुई थीं और डॉक्टरों ने सामान्य प्रसव का आश्वासन दिया था।

हालांकि, प्रसव के समय अस्पताल प्रशासन ने स्थिति गंभीर बताते हुए सामान्य प्रसव से इनकार कर दिया और ऑपरेशन की सलाह दी। इसके बाद प्रसूता को तुरंत प्रयागराज के राजापुर स्थित एक अन्य निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया।राजापुर के अस्पताल में डिलीवरी के दौरान पहला बच्चा मृत पैदा हुआ।

## कार्रवाई : नालों और सरकारी जमीनों से कब्जे हटाए जाएंगे, डीएम ने 7 दिन में मांगी रिपोर्ट

# प्रयागराज को डूबने से बचाने के लिए बुलडोजर चलेगा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज । प्रयागराज में बारिश के बाद जलभराव से जूझ रहे शहर में अब अवैध कब्जों पर कार्रवाई होगी। जार्ज टाउन, टैगोर टाउन, अल्लापुर, करेली और मुंडेरा समेत कई इलाकों में जलभराव के बाद प्रशासन ने नालों और जलनिकासी मार्गों पर हुए अतिक्रमण हटाने का फैसला लिया है। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने पीडीए, नगर निगम, नजूल और राजस्व विभाग के अधिकारियों को सरकारी नालों, राजकीय आस्थान और नजूल की जमीन पर हुए कब्जे चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं। पूरी कार्रवाई की रिपोर्ट सात दिन में मांगी गई है।



डीएम ने पीडीए उपाध्यक्ष, नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी (नजूल), नगर मजिस्ट्रेट और सदर एसडीएम को कार्रवाई की जिम्मेदारी दी है। अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सरकारी नालों, राजकीय आस्थान और नजूल की जमीन पर हुए अवैध कब्जे चिह्नित करेंगे। इसके बाद संबंधित कब्जेदारों के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर जलनिकासी का रास्ता खोलने के निर्देश दिए गए हैं।





> प्रशासन का फोकस सिर्फ अतिक्रमण हटाने तक सीमित नहीं रहेगा। जहां कब्जे के कारण नाले या जलनिकासी का रास्ता बंद हुआ है, वहां उसे अवरोधमुक्त कराया जाएगा। इससे बारिश के पानी की निकासी सुचारु हो सकेगी।

डीएम ने पुलिस उपायुक्त नगर को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र भेजा है। अपर जिलाधिकारी (नगर) को संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई कराने और इसकी आख्या जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### नालों पर कब्जे से रुका पानी का रास्ता

पिछले करीब एक सप्ताह से शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई थी। कई जगह बारिश का पानी निकल नहीं पा रहा था। प्रशासन की पड़ताल में सामने आया कि कुछ स्थानों पर पुराने नालों और जलनिकासी से जुड़ी सरकारी जमीन पर कब्जा कर निर्माण कराया गया है। इससे पानी के बहाव का रास्ता बाधित हो गया।

अतिक्रमण के कारण कई नालों तक सफाई के लिए पहुंचना भी मुश्किल हो रहा था। नालों का प्रवाह बाधित होने से बारिश का पानी तेजी से नहीं निकल सका। इसका सीधा असर रिहायशी इलाकों पर पड़ा और जलभराव की समस्या गंभीर हुई।

# बकरी को बचाने में पलटा ऑटो चालक की इलाज के दौरान मौत

## महादेवा चौकी के पास हुआ हादसा, गंभीर हालत में जिला अस्पताल कराया गया था रेफर

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। रामनगर थाना क्षेत्र में महादेवा चौकी के पास बृहस्पतिवार को अचानक सड़क पर आई बकरी को बचाने के प्रयास में एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका जिला अस्पताल में उपचार के दौरान शुक्रवार को चालक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, रामनगर थाना क्षेत्र की कजियापुर ग्राम पंचायत के चैनपुरवा गांव निवासी 35 वर्षीय विक्रम पुत्र रामकिशुन ऑटो रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। बृहस्पतिवार को वह ऑटो लेकर महादेवा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान महादेवा चौकी के पास



अचानक एक बकरी सड़क पर आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बकरी को बचाने के लिए विक्रम ने ऑटो को अचानक दूसरी दिशा में मोड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान ऑटो का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर पलट गया। हादसे में चालक विक्रम को गंभीर चोटें आईं। ऑटो पलटते ही मौके पर आसपास के लोग एकत्र हो गए और घायल चालक को वाहन से बाहर निकालकर तत्काल उपचार के लिए भेजने की व्यवस्था की। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से विक्रम को सीएचसी रामनगर ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां उपचार के दौरान विक्रम ने दम तोड़ दिया। विक्रम की मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिवार में मातम छा या। अचानक सामने आया जानवर बना हादसे का कारण हादसे को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर अक्सर आवारा पशु अचानक सामने आ जाते हैं।

सड़क सुरक्षा अभियानों का दिखा असर, अब स्कूली वाहनों की फिटनेस से लेकर ब्लैक स्पॉट तक होगी कड़ी निगरानी

# सड़क हादसों पर लगा ब्रेक !

**समीक्षा**

**बृजेंद्र वीर सिंह**

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे प्रयासों का असर अगस्त में दिखाई दिया है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अगस्त माह में सड़क दुर्घटनाओं में करीब 30 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति और जिला विद्यालययान सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्घटनाओं की स्थिति और रोकथाम के उपायों की समीक्षा की गई। प्रशासन का लक्ष्य है कि दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद एंबुलेंस करीब पांच मिनट में मौके पर पहुंचे और घायल को जल्द नजदीकी चिकित्सा इकाई तक पहुंचाया जा सके। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि एंबुलेंस में जरूरी दवाओं और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इनकी नियमित जांच और निगरानी भी की जा रही है। डीएम ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी का सिलसिला बनाए रखने के लिए सभी संबंधित विभागों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने दुर्घटना रोकने से जुड़े उपायों को प्राथमिकता के साथ लागू करने और उनकी प्रभावी निगरानी के निर्देश दिए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार, एआरटीओ सत्येंद्र यादव, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सौरभ सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, क्षेत्राधिकारी यातायात समेत समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



**ब्लैक स्पॉट के तीन किमी दायरे में एंबुलेंस**

दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों यानी ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर उनके तीन किलोमीटर के दायरे में एंबुलेंस के बेस लोकेशन बनाए गए हैं। एक्सप्रेसवे और हाईवे के आसपास भी एंबुलेंस के बेस तय किए गए हैं।

**30 फीसदी कमी, फिर भी रोकथाम पर फोकस**

क्षेत्राधिकारी यातायात ने बैठक में दुर्घटनाओं में आई कमी की जानकारी दी। बताया गया कि यातायात नियमों को लेकर चलाए गए जागरूकता अभियान और विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों का असर सामने आया है। डीएम ने दुर्घटनाओं में कमी को सकारात्मक परिणाम बताते हुए रोकथाम के उपायों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा से जुड़े विभागों को समन्वय के साथ काम करने को कहा।

**जिलाधिकारी ने एआरटीओ को सभी स्कूली वाहनों की नियमानुसार शत-प्रतिशत फिटनेस जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयी वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा।**

**एआरटीओ ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों पर हुई कार्रवाई की जानकारी भी दी।**

# शिवबाबा धाम में आज 312 जोड़े लेंगे सात फेरे सामूहिक विवाह की तैयारी पूरी

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजन हर जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च करेगी सरकार

- हर जोड़े के लिए एक लाख रुपये का प्रावधान
- शिवबाबा धाम में तैयार मंच, सुरक्षा भी रहेगी
- 312 जोड़ों के विवाह की तैयारी पूरी

**तमसा संकेत, संवाददाता**




अंबेडकरनगर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को शिवबाबा धाम में 312 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधेंगे। आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़े पर सरकार की ओर से एक लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें से 64 हजार रुपये नवविवाहित जोड़े के बैंक खाते में सीधे भेजे जाएंगे।

वहीं, 22 हजार रुपये की वैवाहिक उपहार सामग्री प्रत्येक जोड़े को दी जाएगी। बाकी राशि आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं पर खर्च की जाएगी। समारोह स्थल पर वर-वधू और उनके परिजनों के बैठने की व्यवस्था की गई है। स्वच्छ पेयजल, सुरक्षा और चिकित्सा सुविधाओं को भी अंतिम रूप दिया गया है। सीडीओ आनंद शुक्ला ने बताया कि समारोह की तैयारियां निर्धारित समय पर पूरी कर ली गई हैं। योजना के अनुसार 312 जोड़ों का विवाह विधि-विधान से कराया जाएगा। प्रशासन की ओर से कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है। वर-वधू के परिजनों की मौजूदगी को देखते हुए आयोजन स्थल पर आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

**फास्ट न्यूज**

## 24 अगस्त को लगेगा रोजगार मेला

अंबेडकरनगर। बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर देने के लिए मिशन रोजगार के तहत 24 अगस्त को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला राजकीय आईटीआई परिसर में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि मेले में देश और प्रदेश की निजी क्षेत्र की कंपनियां अभ्यर्थियों के चयन के लिए प्रतिभाग करेंगी।

## कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि

अंबेडकरनगर। पूर्व मुख्यमंत्री और राजस्थान व हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में श्रद्धांजलि सभा हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव और विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू ने कल्याण सिंह के सार्वजनिक जीवन और मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यों को याद किया।

## त्योहारों से पहले आलापुर पुलिस अलर्ट

अंबेडकरनगर। आगामी त्योहारों को लेकर आलापुर पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें क्षेत्र के धर्मगुरुओं और संभ्रांत लोगों के साथ त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। बैठक में त्योहारों के दौरान सौहार्द और शांति बनाए रखने पर जोर दिया गया।

## जेटली कॉलेज में संस्थापक दिवस पर शिक्षा के साथ खेल प्रतिभाओं को सम्मान

डॉ. गणेश कृष्ण जेटली की प्रतिमा पर हुआ माल्यार्पण

**तमसा संकेत, संवाददाता**



- मंडलीय फुटबॉल टीम में चयनित छात्राओं को मिली खेल किट

अंबेडकरनगर। शहजादपुर अकबरपुर स्थित डॉ. गणेश कृष्ण जेटली इंटर कॉलेज में शुक्रवार को संस्थापक दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थापक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. गणेश कृष्ण जेटली के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को याद किया गया। इसी अवसर पर मंडलीय फुटबॉल टीम के लिए चयनित विद्यालय की छात्राओं को खेल किट देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक रमेश प्रभा जेटली ने की। विद्यालय परिवार ने संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किए। उनके शिक्षा के प्रति समर्पण और विद्यार्थियों के विकास के लिए किए गए प्रयासों को याद किया गया।

प्रबंधक रमेश प्रभा जेटली ने कहा कि डॉ. गणेश कृष्ण जेटली ने शिक्षा को समाज के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम माना। उनके द्वारा स्थापित संस्था आज भी शिक्षा से जुड़े मूल्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रही है। प्रधानाचार्य डॉ. विनय कुमार ने कहा कि संस्थापक किसी भी शिक्षण संस्था की विचारधारा और मूल्यों की आधारशिला होता है। डॉ. गणेश कृष्ण जेटली के विचार विद्यालय के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

संस्थापक दिवस पर विद्यालय की उन छात्राओं को खेल किट प्रदान की गई, जिनका माध्यमिक विद्यालयों की फुटबॉल प्रतियोगिता में मंडलीय टीम के लिए चयन हुआ है।

85.52 मीटर पर पहुंचा नदी का जलस्तर, खतरे के निशान से सिर्फ 4 सेंटीमीटर नीचे

# घाघरा का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंचा

- डीएम की अपील: नदी किनारे न जाएं, सावधानी बरतें
- हर बदलाव पर प्रशासन की नजर
- जरूरत पड़ने पर निर्देशों का करें पालन

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर। घाघरा/सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान के बेहद करीब पहुंच गया है। शुक्रवार सुबह आठ बजे टांडा पंप नहर, महरीपुर में नदी का जलस्तर 85.52 मीटर दर्ज किया गया। खतरे का निशान 85.56 मीटर है। जलस्तर खतरे के निशान से महज 0.04 मीटर नीचे है।

हालांकि पिछले दिन की तुलना में नदी का जलस्तर घट रहा है, लेकिन स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने नदी और निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोग नदी किनारे, जलभराव वाले क्षेत्रों और तेज बहाव वाले स्थानों पर अनावश्यक रूप से न जाएं। बच्चों और बुजुर्गों को नदी व तेज बहाव वाले क्षेत्रों से दूर रखने की अपील भी की गई है। जलभराव वाले स्थानों पर खुले विद्युत तारों और बिजली के उपकरणों से दूरी बनाए रखने को कहा गया है। प्रशासन की ओर से घाघरा/सरयू नदी के जलस्तर की लगातार निगरानी की जा रही है। संबंधित विभागों को भी आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और प्रशासन की अधिकृत सूचनाओं पर ही भरोसा करने को कहा है। आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचना देने की अपील की गई है। प्रशासन की ओर से रेस्क्यू, सुरक्षित स्थानों पर जाने या निकासी से संबंधित निर्देश जारी किए जाने पर उनका पालन करने को कहा गया है। अधिकारियों का फोकस नदी के जलस्तर में होने वाले बदलाव और निचले क्षेत्रों की स्थिति पर बना हुआ है।

## स्ट्रांग रूम पर डीएम की नजर, ईवीएम-वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था परखी

मासिक निरीक्षण में सभी लॉक मिले यथावत



**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को शुक्रवार को परखा गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ईशा प्रिया ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत स्ट्रांग रूम का मासिक बाह्य निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान ईवीएम और वीवीपैट रखे कक्षों के लॉक की स्थिति देखी गई। सभी लॉक यथावत पाए गए। स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की गई। कैमरे नियमानुसार संचालित और सुरक्षित मिले।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार नियमित रूप से सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को बनाए रखने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी महेश चंद्र द्विवेदी, परियोजना निदेशक एवं ईवीएम प्रभारी कार्तिकेय मिश्रा सहित संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

12 केंद्रों पर तैनात रहेंगे मजिस्ट्रेट, 10 से 12 बजे तक होगी स्नातक स्तरीय मुख्य परीक्षा

# 23 अगस्त की यूपीएसएसएससी परीक्षा पर प्रशासन की कड़ी नजर

**तमसा संकेत, संवाददाता**



अंबेडकरनगर। यूपीएसएसएससी की सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (स्नातक स्तरीय) मुख्य परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा 23 अगस्त को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जिले के 12 निर्धारित केंद्रों पर होगी। परीक्षा की व्यवस्था को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर आयोग और शासन के सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने को कहा गया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु ने बताया कि हर परीक्षा केंद्र पर एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट और एक सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किया गया है। ड्यूटी में लगाए गए अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों की जानकारी भी दी गई। परीक्षा की गोपनीय सामग्री के सुरक्षित परिवहन और रख-रखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। सेक्टर मजिस्ट्रेट निर्धारित समय पर कोषागार पहुंचकर सामग्री प्राप्त करेंगे और उसे संबंधित परीक्षा केंद्र तक सुरक्षित पहुंचाएंगे। जिलाधिकारी ने परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार, आयोग के समन्वयी पर्यवेक्षक व सहायक समन्वयी पर्यवेक्षक, परीक्षा संचालन एवं सुरक्षा से जुड़े कार्मिक, केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

**परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश समय को लेकर सख्त निर्देश दिए गए हैं। सुबह 9:30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।**

**प्रवेश के समय परीक्षार्थियों की जांच की जाएगी। केंद्रों पर अनुशासन और समयबद्धता बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए हैं।**

**परीक्षा से पहले परखी जाएंगी मूलभूत सुविधाएं**

जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर प्रकाश, स्वच्छ पेयजल, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई और सुरक्षा समेत सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा शुरू होने से पहले व्यवस्थाओं का निरीक्षण पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित अधिकारियों को तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचना देने को कहा गया है।

# स्कूलों के दरवाजे खुले, लेकिन पढ़ाई के समय नहीं होगी दखल

अभिभावक, एसएमसी सदस्य और स्थानीय ग्रामीण ले सकेंगे व्यवस्थाओं की जानकारी

**तमसा संकेत, संवाददाता**




अंबेडकरनगर। परिषदीय विद्यालयों में बाहरी लोगों के प्रवेश को लेकर जारी आदेश में बीएसए डॉ. पूनम मिश्रा ने संशोधन कर दिया है। अब अभिभावक, स्कूल प्रबंध समिति (एसएमसी) के सदस्य और स्थानीय ग्रामीण विद्यालय की व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के लिए स्कूल में प्रवेश कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें केवल बाहरी व्यक्ति होने के आधार पर नहीं रोका जाएगा।

हालांकि, प्रवेश के दौरान कक्षा में चल रही पढ़ाई प्रभावित नहीं होनी चाहिए। बीएसए कार्यालय ने इस संबंध में 20 अगस्त को संशोधित आदेश जारी किया है।

इससे पहले 17 अगस्त को जारी आदेश में शिक्षण अवधि के दौरान अभिभावकों को छोड़कर अन्य बाहरी लोगों के विद्यालय में प्रवेश पर रोक लगाई गई थी। बीएसए कार्यालय को जानकारी मिली थी कि कुछ बाहरी व्यक्ति, यूट्यूबर और अन्य लोग शिक्षण अवधि में बिना अनुमति विद्यालयों में पहुंच रहे थे। विद्यालय और कर्मचारियों के फोटो-वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किए जाने की बात भी सामने आई थी। कार्यालय के अनुसार, इससे पठन-पाठन के साथ विद्यालय के शैक्षिक और भौतिक वातावरण पर असर पड़ रहा था। संशोधित आदेश में अभिभावकों, एसएमसी सदस्यों और स्थानीय ग्रामीणों को विद्यालय की व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के लिए प्रवेश की अनुमति दी गई है। लेकिन उनकी मौजूदगी से शिक्षण कार्य में किसी तरह की बाधा नहीं आनी चाहिए। यानी स्कूल की व्यवस्थाएं देखने की अनुमति है, कक्षा संचालन में हस्तक्षेप की नहीं। आदेश में विद्यालय आने वाले लोगों से जुड़े दो अहम बिंदु भी स्पष्ट किए गए हैं। किसी भी स्थिति में शिक्षकों की गरिमा प्रभावित नहीं होनी चाहिए और छात्र-छात्राओं की निजता व उनके कल्याण का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। बीएसए ने सभी संबंधित अधिकारियों और विद्यालयों को संशोधित आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बाकी प्रावधान पूर्व आदेश के अनुसार लागू रहेंगे।

## अचानक स्कूल पहुंचे डीआईओएस दो इंटर कॉलेजों में परखी व्यवस्थाएं

सफाई से लेकर पढ़ाई तक का लिया जायजा

**तमसा संकेत, संवाददाता**



- विद्यालय में सफाई और पढ़ाई पर फोकस
- प्रोजेक्ट अलंकार की प्रगति जानी
- राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों से ऑनलाइन संवाद

अंबेडकरनगर। जिला विद्यालय निरीक्षक कौस्तुभ कुमार सिंह ने गुरुवार को जिले के दो सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। अचानक पहुंचे डीआईओएस ने महत्मा गोविंद साहब इंटर कॉलेज दुल्हूपुर और सुभाष राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सैदही में व्यवस्थाओं को देखा।

निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की साफ-सफाई व्यवस्था पर जोर दिया गया। डीआईओएस ने गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक व्यवस्था बनाए रखने को कहा। डीआईओएस ने प्रोजेक्ट अलंकार योजना की प्रगति की जानकारी ली। योजना से जुड़े कार्यों की स्थिति के बारे में संबंधित लोगों से जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के बाद डीआईओएस ने राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों के साथ गूगल मीट के माध्यम से संवाद किया। उन्होंने विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक माहौल तैयार करने और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर प्रभावी ढंग से ध्यान देने पर जोर दिया।

**कार्रवाई :** 29.2 किलो गांजा बरामद, अलीगंज पुलिस की चेकिंग में चार आरोपी गिरफ्तार

# ओवरब्रिज के नीचे कार रोकते ही खुला राज

- 28 पैकेट मिले कार और तीन मोबाइल भी जब्त
- सुबह 7:30 बजे हुई कार्रवाई
- सोहनलाल पर पहले भी दर्ज हो चुके हैं दो मुकदमे

**तमसा संकेत, संवाददाता**




अंबेडकरनगर। अलीगंज थाना क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस ने स्विफ्ट डिजायर कार से 29.200 किलोग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गांजा 28 पैकेट में रखा मिला। कार के अलावा तीन मोबाइल फोन और 670 रुपये नकद भी बरामद हुए हैं। थानाध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम 21 अगस्त की सुबह करीब 7:30 बजे मोजनपुर से खासपुर जाने वाले मार्ग पर ओवरब्रिज के नीचे चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में गांजा मिलने के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अलीगंज थाने में मुकदमा संख्या 110/26 दर्ज किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20/29/60 के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी सोहनलाल राजभर का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ मालीपुर थाने में वर्ष 2023 में एनडीपीएस एक्ट और वर्ष 2022 में मारपीट, तोड़फोड़, गाली-गलौज व धमकी से संबंधित मुकदमा दर्ज है।

**पुलिस के मुताबिक चारों गिरफ्तार आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय भेजा जा रहा है। बरामद गांजा, कार, मोबाइल फोन और नकदी को पुलिस ने कार्रवाई में शामिल किया है।**

**आजमगढ़ के तीन, अंबेडकरनगर का एक आरोपी**

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विरेन्द्र राजभर उर्फ गुड्डू निवासी गौरी, थाना अहिरौला, आजमगढ़, सोहनलाल राजभर निवासी हुरपुर, थाना मालीपुर, अंबेडकरनगर, विनोद कुमार राजभर निवासी अकबेलपुर, थाना अतरौलिया, आजमगढ़ और दीपू कुमार निवासी खजूरी धनेज पट्टी, थाना अहिरौला, आजमगढ़ के रूप में हुई है।

## छात्रावास में 16 छात्र मिले, अब डिजिटल लाइब्रेरी की तैयारी

सीडीओ के निरीक्षण में सामने आई छात्रों की जरूरतें



**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। नाउसांडा स्थित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में 16 छात्र मिले। अधीक्षक अमरजीत मौर्य भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान छात्रों ने छात्रावास में लाइब्रेरी और साइकिल स्टैंड की व्यवस्था कराने की जरूरत बताई। इस पर सीडीओ ने खंड विकास अधिकारी टांडा को डिजिटल लाइब्रेरी छात्रावास में शिफ्ट कराने के निर्देश दिए।

साइकिल स्टैंड के लिए शेड की व्यवस्था को लेकर डिमांड भेजने को भी कहा गया। छात्रावास में समूह की महिलाओं द्वारा छात्रों के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है। सीडीओ ने बच्चों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीडीओ ने छात्रावास में रहने वाले बच्चों से बातचीत की और उनकी जरूरतों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्रों को नियमित पढ़ाई करने और लक्ष्य हासिल करने के लिए मेहनत करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान छात्रावास की सुविधाओं और छात्रों की आवश्यकताओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए।

# निर्माणाधीन मॉल की शटरिंग गिरी, 3 की मौत

## नाइट शिफ्ट के दौरान हादसा, 5 मजदूर काम कर रहे थे, परिजन बोले- न्याय चाहिए

दुर्घटना

तमसा संकेत, एजेंसी





डीएम-एसएसपी मौके पर पहुंचे। हादसे के कारणों की जांच भी शुरू की। मुख्यमंत्री योगी ने हादसे पर दुख जताया है। अफसरों को घायलों का इलाज कराने का निर्देश दिया है। मृतकों के परिजनों से बात कर हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए हैं। हादसा थाना कोतवाली वृंदावन के रुक्मणी विहार इलाके की है।

मथुरा। मथुरा में शुक्रवार सुबह 7 बजे निर्माणाधीन ओमेक्स मॉल में शटरिंग गिर गई। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई। एक घायल है। पुलिस के मुताबिक, मॉल में 4-5 मजदूर नाइट शिफ्ट में काम कर रहे थे। अचानक शटरिंग भरभराकर गिर गई। मजदूर मलबे में दब गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। अफरा-तफरी के बीच पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस, फायर ब्रिगेड और राहत-बचाव टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। मलबे से एक मजदूर की लाश बाहर निकाली गई। घायल 3 मजदूरों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान 2 की मौत हो गई। एक का इलाज चल रहा है। मृतकों में दो पश्चिम बंगाल और एक नेपाल का रहने वाला है। मृतक शिवराम की भतीजी मनीषा ने बताया- मॉल में तीन साल से काम चल रहा है। शिवराम 6 अगस्त को काम पर आए थे। 7 अगस्त से काम करना शुरू किया था। आज हादसे में उनकी मौत हो गई। हम लोग न्याय मांग रहे हैं। लेकिन, हमारी सुनवाई नहीं हो रही है। हमें न्याय चाहिए। अन्य मजदूरों ने कहा- निर्माण कंपनी की सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही की वजह से हादसा हुआ है। उन्होंने पीड़ित परिवारों को 50 लाख रुपए के मुआवजे की मांग की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ओमेक्स मॉल के प्रबंधक आरके जैन ने बताया- आज सुबह छज्जा बनाते समय हादसा हुआ। वैसे तो रोज 50 मजदूर काम करते हैं, लेकिन आज सुबह में चार-पांच मजदूर ही काम पर थे। हादसे के वक्त एक मजदूर बाहर गया हुआ था। हादसा कैसे हुआ, इसकी जानकारी की जा रही है।



रफीउल, मृतक | शिवराम, मृतक | आलम, मृतक

### मृतकों में दो पश्चिम बंगाल और एक नेपाल का मजदूर

एसपी सिटी राजीव कुमार ने बताया- 'वृंदावन कोर्टयार्ड मॉल' की दूसरी मंजिल पर छत और छज्जे की ढलाई का काम चल रहा था। तभी शटरिंग और ढलाई का समान भरभराकर गिर गया। हादसे में एक सिमरी, कैलाली (नेपाल) निवासी मजदूर शिवराम (40) की मौके पर ही मौत हो गई। मलबा हटाने पर 3 मजदूर घायल हालत में मिले। उन्हें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से उन्हें आगरा के एसएन मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान दो और मजदूरों रफीउल (40) और आलम (42) की मौत हो गई। दोनों पश्चिम बंगाल के कूच बिहार के रहने वाले थे। बंगाल के ही एक मजदूर दिलबार (42) का इलाज चल रहा है।

# ए.के. शर्मा की उपस्थिति में ताज होटल में हुई उच्चस्तरीय बैठक

तमसा संकेत, संवाददाता



■ उत्तर प्रदेश और जापान के यामानाशी प्रांत के बीच ग्रीन हाइड्रोजन सहयोग पर महत्वपूर्ण समझौता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश को स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में आज ताज होटल, गोमती नगर, लखनऊ में UP–Japan Investment Meet 2026 का आयोजन किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा, चेयरमैन, ऊर्जा विभाग, निदेशक, रिन्यूएबल एनर्जी तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और जापान यामानाशी प्रांत के गवर्नर कोटारो नागासाकी और उनकी टीम तथा उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के बीच ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक, उत्पादन, अनुसंधान एवं निवेश के क्षेत्र में सहयोग पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर दोनों पक्षों के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) भी संपन्न हुआ।

ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। उत्तर प्रदेश में इसके उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा मिलने से ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी तथा पारंपरिक जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी।

ग्रीन हाइड्रोजन का उपयोग उद्योगों में ताप ऊर्जा, भारी वाणिज्यिक वाहनों जैसे बसों और ट्रकों, उर्वरक निर्माण तथा अन्य कठिन-से-डीकार्बोनाइज क्षेत्रों में कार्बन उत्सर्जन कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

फास्ट न्यूज

### रिमझिम इस्पात के डायरेक्टर समेत 5 के खिलाफ वारंट जारी

कानपुर । कानपुर में टैक्स चोरी के 12 साल पुराने मामले में जिला न्यायालय से रिमझिम इस्पात व जूही एलॉयज लिमिटेड और उसके निदेशकों योगेश अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, कपिल, लक्ष्मीकांत गोयल, अनिल गोयल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। स्पेशल सीजेएम ने आरोपियों को 15 सितंबर तक कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए हैं।

### आगरा कॉलेज में स्टाफ क्लब चुनाव टला

आगरा । कॉलेज में 22 अगस्त को होने वाला स्टाफ क्लब का चुनाव टाल दिया गया है। वजह, कॉलेज के प्राचार्य और प्रोफेसरों के बीच चल रहा विवाद है, जो अब थाने तक पहुंच गया है। कॉलेज में तनाव का माहौल है, जिसके चलते चुनाव अधिकारियों ने मतदान स्थगित करने का फैसला लिया है।

मामला बुधवार का है। आगरा कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सीके गौतम और शिक्षकों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे से अभद्रता की और अपशब्द कहे। इसके बाद प्राचार्य प्रो. सीके गौतम ने शिक्षकों पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी।

### एमएलए चुप, बेटे ने कहा-माफ कर दिया तो बात खत्म

आगरा। आगरा में विधायक चौधरी बाबूलाल पर अभद्र टिप्पणी करने के बाद समाजसेवी बाल योगी ने माफी मांगी, लेकिन करीब एक घंटे बाद ही उनका रुख फिर बदल गया। उन्होंने लगातार वीडियो जारी कर सियासी बयानबाजी शुरू कर दी। हालांकि, इस पूरे विवाद पर विधायक चौधरी बाबूलाल ने अब चुप्पी साध ली है। लेकिन उनके बेटे रामेश्वर चौधरी की तरफ से जवाब आया है।

# गंगा में डूबे चार लोगों की 5वें दिन भी तलाश

## बहन बोली- पैर पकड़ रही हूं, मेरे भाई को ढूंढ दो

तमसा संकेत, एजेंसी




कानपुर। कानपुर में गंगा के बिठूर और ड्योढ़ी घाट पर डूबे 4 युवकों का पांचवें दिन भी कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस, पीएसी और एनडीआरएफ की टीमें 100 किलोमीटर से ज्यादा इलाके में तलाश कर चुकी हैं।

पांच दिन से परिवार के लोग भी घाट-घाट भटककर अपनों की तलाश कर रहे हैं। ड्योढ़ी घाट पर इकलौते भाई की तलाश में पहुंची बहन ने पुलिस और गोताखोरों से हाथ जोड़कर कहा- मैं आपके पैर पकड़ रही हूं, हाथ जोड़ रही हूं। मेरे इकलौते भाई को ढूंढ दीजिए।

पुलिसअफसरों के मुताबिक, गंगा में तेज बहाव और बढ़े जलस्तर के कारण तलाश में मुश्किल आ रही है। इसके बावजूद पुलिस और गोताखोरों की टीमें कानपुर से प्रयागराज तक गंगा में कॉम्बिंग कर रही हैं। महाराजपुर थाना क्षेत्र के ड्योढ़ी गंगा घाट पर 17 अगस्त को नहाने के दौरान कृष्णा (16) और शिवा शुक्ला (17) डूब गए थे। दोनों राजा मार्केट अहिरवां और पटेल नगर के रहने वाले थे। वहीं, 4 दोस्त सूर्या, विराग, कृष्णा और शिवा भी गंगा स्नान के लिए घाट पर पहुंचे थे। नहाने के दौरान कृष्णा और शिवा तेज बहाव की चपेट में आ गए और गहरे पानी में समा गए।

### कानपुर में आईं कर्मी ने सुसाइड किया

कानपुर । कानपुर के कृष्णापुरम में शुक्रवार सुबह आईटी कर्मी रवि दीक्षित (38) ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कमरे से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने लखनऊ निवासी अपनी बड़ी बहन पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि पैतृक संपत्ति में हिस्से को लेकर बड़ी बहन और जीजा लगातार दबाव बना रहे थे। हाथापाई भी की थी।

रवि चकेरी के कृष्णापुरम में पत्नी ज्योति मिश्रा और आठ वर्षीय बेटे समग्र के साथ रहते थे। वह पिछले चार साल से एनटीटी डाटा कंपनी में वर्क फ्रॉम होम कर रहे थे। पत्नी ज्योति के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब छह बजे वह कमरे में पहुंचीं तो रवि दुपट्टे के सहारे पंखे से लटके मिले। परिजनों के मुताबिक, रवि के पिता स्व. उदय नारायण दीक्षित ने चकेरी के कृष्णापुरम में मकान खरीदा था। परिवार का पैतृक आवास कानपुर देहात के जिग्निस गांव में भी है। रवि की छोटी बहन निधि कृष्णापुरम में ही रहती हैं।

## फूड सेफ्टी विभाग ने मारा छापा, 1000 लीटर घोल में मिलीं मरी मक्खियां

# 40-50 भैंसों के बीच बन रही थी मिठाई



■ टीम को गंदे प्लास्टिक ड्रमों में स्किम्ड मिल्क पाउडर, चीनी और पानी से तैयार करीब 1000 लीटर घोल मिला। जिसपर कीड़े और मक्खियां थे।

तमसा संकेत, एजेंसी



रक्षाबंधन से पहले लखनऊ के काकोरी में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने हरदोईया लालनगर स्थित शिवाच्छी स्वीट्स पर छापा मारा। यहां मिठाई बनाने की जगह के आसपास 40-50 भैंसें बंधी मिलीं। गंदगी के बीच तैयार मिठाइयों पर मक्खियां और दूसरे कीड़े घूम रहे थे। करीब 1000 लीटर घोल में मरी हुई मक्खियां मिलने पर टीम ने 1675 किलो मिठाई और घोल नष्ट कराया। 15 खाद्य पदार्थों के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने 20 अगस्त को दुकान की जांच की। संचालक संजीत कुमार की मौजूदगी में पता चला कि प्रतिष्ठान के पास खुदरा श्रेणी का लाइसेंस है, जबकि यहां बड़े स्तर पर मिठाइयां तैयार की जा रही थीं। निर्माण स्थल पर सफाई की हालत भी खराब मिली। दीवारों पर प्लास्टर नहीं था और पास की खुली नाली में गंदा पानी जमा था।

जांच में सामने आया कि दुकान पर काम करने वाले करीब 25 कर्मचारियों का हेल्थ टेस्ट नहीं कराया गया था। वे हेड कवर, एप्रन और ग्लव्स का इस्तेमाल भी नहीं कर रहे थे। पेस्ट कंट्रोल और इस्तेमाल होने वाले पानी की जांच की व्यवस्था भी नहीं मिली। टीम ने 686 किलो खाद्य सामग्री जब्त कर ली।

### ड्रम में रखा था 1000 लीटर घोल

टीम को गंदे प्लास्टिक ड्रमों में स्किम्ड मिल्क पाउडर, चीनी और पानी से तैयार करीब 1000 लीटर घोल मिला। इसमें कई मक्खियां गिरी थीं, कुछ मरी हुई भी थीं। मौके पर 1675 किलो तैयार मिठाई मिली। इसमें 1000 किलो कलाकंद, 300 किलो डोडा बर्फी, 350 किलो चिकनी बर्फी और 25 किलो पेड़ा शामिल था।

इसकी कीमत करीब 79,170 रुपए बताई गई है। इसमें मिल्क पाउडर, सूजी, फिटकरी, काजू, मूंगफली, बूंदी और सफेद दानेदार पाउडर शामिल हैं।

# अमरोहा में 'बिहारी' कहने पर मार डाला

## फावड़े से सिर, गर्दन पर किए 5 वार डीजल छिड़ककर जलाने की कोशिश, आरोपी बोला- परेशान हो गया था

तमसा संकेत, एजेंसी



प्रदीप, मृतक

अमरोहा। अमरोहा में 'बिहारी' कहकर चिढ़ाने से नाराज युवक ने साथी की हत्या कर दी। 17 अगस्त की शाम करीब 7 बजे उसने फावड़े से सिर, गर्दन, कंधे और कमर पर 5 वार किए। हत्या के बाद शव को डीजल डालकर जलाने की कोशिश की। फिर पकड़े जाने के डर से शव पॉलीथिन में लपेटकर भूसे की कोठरी में छिपा दिया। बदबू आने पर दो दिन बाद शव बरामद हुआ।

मामला जिला मुख्यालय से करीब 20 किमी दूर नौगावां सादात थाना क्षेत्र का है। आरोपी और मृतक ग्राम प्रधान की डेयरी पर साथ काम करते थे। पुलिस ने शक के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने हत्या की बात कबूल कर ली।

गांव नाजरपुर कलां के ग्राम प्रधान राकेश कुमार अपने साथी वेदपाल सिंह के साथ डेयरी चलाते हैं। मुरादाबाद के छजलैट क्षेत्र के हाफिजपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार (40) करीब 5 साल से यहां काम कर रहा था। बिहार के सीतामढ़ी के हरियापुर गांव निवासी नितेश भी डेयरी पर पशुओं के चारा-पानी की व्यवस्था देखता था।

एसपी लखन सिंह यादव के मुताबिक, प्रदीप अक्सर नितेश को उसके नाम के बजाय 'बिहारी' कहकर बुलाता था। नितेश इसका विरोध करता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कई बार कहासुनी भी हुई थी।

17 अगस्त को प्रदीप की बहन अमन देवी अपनी छोटी बहन के साथ उससे मिलने डेयरी आई थी। दोपहर में मुलाकात के बाद दोनों घर लौट गईं। 18 अगस्त की सुबह वेदपाल डेयरी पहुंचे तो प्रदीप वहां नहीं मिला। उसका मोबाइल और कपड़े वहीं पड़े थे। बहन से पूछने पर उसने भी प्रदीप के बारे में जानकारी होने से इनकार किया। नितेश ने पुलिस को बताया कि प्रदीप रोज उसे 'बिहारी' कहकर बुलाता था। इससे वह परेशान था। उसने कई बार प्रदीप को समझाया और डेयरी मालिक से भी शिकायत की, लेकिन उसकी आदत नहीं बदली।

नितेश के मुताबिक, घटना वाले दिन भी प्रदीप ने उसे 'बिहारी' कहकर बुलाया। इसी बात पर दोनों में झगड़ा हुआ। उसने फावड़ा उठाकर प्रदीप पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। मौत के बाद उसने पास रखे केन से डीजल निकाला और शव जलाने की कोशिश की, लेकिन सिर्फ कपड़े जल सके। इसके बाद उसने शव को पॉलीथिन में लपेटकर भूसे में छिपा दिया।

### 19 अगस्त को भूसे की कोठरी में मिला शव

19 अगस्त की शाम ग्राम प्रधान राकेश कुमार और वेदपाल सिंह थाने पहुंचे। प्रदीप के लापता होने की सूचना दी। दोनों खुद भी उसकी तलाश कर रहे थे। करीब दो घंटे बाद डेयरी की भूसे की कोठरी से बदबू आने पर तलाशी ली गई। वहां पॉलीथिन में लिपटा प्रदीप का शव मिला।

सूचना पर पुलिस, फील्ड यूनिट और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। देर रात पुलिस ने शक के आधार पर डेयरी में प्रदीप के साथ काम करने वाले नितेश को हिरासत में लिया। पहले उसने घटना की जानकारी से इनकार किया, लेकिन पूछताछ में हत्या की बात कबूल कर ली।



# बर्रा-8 की कच्ची बस्ती में घुसा पांडु नदी का पानी

## कानपुर में घर छोड़ने को मजबूर हुए परिवार

तमसा संकेत, एजेंसी



कानपुर । कानपुर में लगातार हो रही बारिश और नदियों के बढ़ते जलस्तर ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पांडु नदी का जलस्तर बढ़ने से गुरुवार को बर्रा-8 के वरुण विहार की कच्ची बस्ती में पानी घुस गया। कई घरों और झोपड़ियों में पानी भरने से लोगों की गृहस्थी प्रभावित हो गई।

हालात बिगड़ने पर कई परिवार बच्चों और जरूरी सामान के साथ सुरक्षित और ऊंचे स्थानों पर चले गए हैं, जबकि कुछ परिवार आसपास किराये के कमरों में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक दिन बीत जाने के बावजूद प्रशासन की ओर से अब तक कोई सरकारी मदद नहीं पहुंची है। बस्ती के चंद्रपाल, मनीष और रीता ने बताया कि बुधवार रात अचानक पानी घरों में पहुंचने लगा। अंधेरे में मोबाइल की रोशनी के सहारे बच्चों को घरों से बाहर निकाला गया। देखते ही देखते कई झोपड़ियों में पानी भर गया। जलभराव के कारण लोग अपने घरों में वापस नहीं जा पा रहे हैं और दूसरों के घरों में गुजर-बसर कर रहे हैं। पानी भरने से बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। रास्ते और घरों में पानी भर जाने से बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं।

पांडु नदी का जलस्तर बढ़ने से रफाका नाले में बैकफ्लो की आशंका भी बढ़ गई है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'यूपी में बड़ी संख्या में...

प्रदेश में जापान के निवेशकों के लिए एम0एस0एम0ई0 से लेकर बड़े उद्योगों तक व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। दोनों पक्षों के पारस्परिक सहयोग से इन सम्भावनाओं को ठोस परिणामों में बदला जा सकता है।

शिष्टाचार भेंट के दौरान सेमीकण्डक्टर क्षेत्र में भारत-जापान सहयोग को लेकर विशेष चर्चा हुई। जापानी पक्ष ने अवगत कराया कि जुलाई, 2026 में जापान के प्रधानमंत्री श्री ताकाइची की भारत यात्रा के दौरान सेमीकण्डक्टर को जापान-भारत आर्थिक सुरक्षा सहयोग के पाँच प्राथमिक क्षेत्रों में शामिल किया गया है। इसी क्रम में जापानी उद्योग जगत की एक टीम सितम्बर के मध्य में सेमीकॉन इण्डिया के साथ एच0सी0एल0 टेक्नोलॉजीज का दौरा करेगी। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जापान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री की सेमीकण्डक्टर समिति की बैठक में सहभागिता की सम्भावनाओं पर भी चर्चा हुई। जापानी पक्ष ने सेमीकण्डक्टर क्षेत्र में सम्भावनाओं का अध्ययन करने के लिए अपनी टीम के उत्तर प्रदेश दौरे की बात कही। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उन्नत प्रौद्योगिकी के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में जापान की तकनीकी विशेषज्ञता और उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमता के बीच सहयोग की व्यापक सम्भावनाएँ हैं।

विनिर्माण, कृषि और नर्सिंग केयर जैसे क्षेत्रों में जापान में उपलब्ध रोजगार अवसरों के लिए उत्तर प्रदेश के युवाओं को तैयार करने पर भी चर्चा हुई। इसी क्रम में मार्च में आगरा के आर0बी0पी0जी0 कॉलेज में कृषि क्षेत्र में जापान में रोजगार के अवसरों के लिए आयोजित रोजगार मेले का उल्लेख किया गया। एमिटी विश्वविद्यालय और जापान के इबाराकी प्रीफेक्चर के बीच विद्यार्थियों के लिए इण्टर्नशिप और प्रशिक्षण के अवसर विकसित करने के लिए हुए समझौते को भी दोनों देशों के बीच बढ़ते मानव संसाधन सहयोग की महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

### आंसर की' पर फीस ...

हालांकि, उसी दिन NTA ने इंग्लिश, कॉमर्स और सोशियोलॉजी विषयों की परीक्षाएं रद्द कर दी थी। NTA ने माना कि इन विषयों के प्रश्न पत्र में स्पेलिंग और प्रिंटिंग की गलतियां थीं।

NTA ने कहा- पेपर्स में पहले पूछे जा चुके सवाल दोहराए गए थे। आंसर-की जारी करने के बाद छात्रों ने गड़बड़ियों का जिक्र किया था। इन्हें केवल सवाल हटाकर ठीक नहीं किया जा सकता था।

NTA ने तीनों विषयों की दोबारा परीक्षा की तारीख जारी की हैं। अंग्रेजी, कॉमर्स और सोशियोलॉजी की परीक्षाएं अब 9 और 10 सितंबर को होंगी। NTA ने पहले 22 से 30 जून तक UGC-NET एग्जाम कराया था। NTA ने बताया कि अंग्रेजी की परीक्षा 9 सितंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। कॉमर्स का पेपर उसी दिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा।

### जयपुर- सीजेपी ...

48 घंटे का अल्टीमेटम दे रहे हैं। हमलावरों की गिरफ्तारी हो और स्कूल निरीक्षण रोकने का आदेश वापस लिया जाए। ऐसा नहीं हुआ तो पूरे राजस्थान में आंदोलन करेंगे और दिलावर के इस्तीफे की मांग करेंगे।'

CJP के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा- अगर अगले 48 घंटों में स्कूल की मरम्मत का काम शुरू नहीं हुआ और उन गुंडों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो मैं जयपुर आऊंगा और स्कूल के सामने बैठा रहूंगा, जब तक स्कूल को ठीक कराने का काम नहीं किया जाता है।

इससे पहले सुबह करीब 8 बजे CJP के कुछ कार्यकर्ताओं से ग्रामीणों की धक्का-मुक्की हुई थी। ग्रामीणों ने उन्हें गांव से बाहर निकाल दिया। CJP के विरोध में नारे लगाते हुए ग्रामीण सरकारी स्कूल के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने गांव के मुख्य रास्ते पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर घेराबंदी कर दी और आने-जाने वाली गाड़ियों की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, आशुतोष सहित CJP के 5 कार्यकर्ता गंभीर घायल हुए हैं। 7 के चोट लगी है। उन्हें इलाज के लिए SMS हॉस्पिटल लाया गया। CJP का वाटिका रोड पर भट्टा वाला राजकीय सरकारी स्कूल का निरीक्षण करने का भी प्लान था, जिसे अब कैंसिल कर दिया।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि हमला करने वाले ग्रामीण नहीं, बीजेपी कार्यकर्ता थे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- बच्चों की शिक्षा में व्यवधान कौन बर्दाश्त करेगा। इसलिए विरोध हुआ। कॉकरोच मुंह छिपाकर भाग गए।

### गुजरात में जहरीली ...

यहां एक युवक ने पुलिस में भर्ती होने की खुशी में शराब पार्टी रखी थी। शराब घनश्याम नाम के एक तस्कर से ली गई थी। नकली शराब विदेशी बोतलों में भरी थी। पार्टी के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। कुछ लोगों की हालत इतनी तेजी से बिगड़ी कि उन्हें अस्पताल पहुंचाने का भी वक्त नहीं मिला। भावनगर के तीन युवकों ने घरों में उल्टी करते-करते ही दम तोड़ दिया था। स्थानीय लोगों का दावा है कि यही शराब कई गांवों तक पहुंची है। अगले दिन दूसरे इलाकों से भी ऐसे मामले सामने आए।

गुजरात पुलिस ने इस मामले में अब तक 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 13 भावनगर के रहने वाले हैं। ये सभी अवैध शराब तस्करी से जुड़े हुए हैं। वहीं, शराब कांड के मुख्य आरोपी रईस और जुबैर मध्यप्रदेश के उज्जैन के रहने वाले हैं। इन दिनों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

### ये न्याय का पहला...

राहुल के साथ प्रियंका गांधी, अधीर रंजन चौधरी, सलमान खुर्शीद और जयराम रमेश भी मौजूद थे। FIR दर्ज होने के बाद राहुल ने कहा कि जब दिल्ली में इतने घंटे धरना देना पड़ा तो देश के बाकी हिस्सों में छात्रों और रेप पीड़ितों का क्या हाल होगा।

भाजपा ने राहुल के धरने पर कहा कि वे मीडियाजीवी हैं। जंतर-मंतर प्रदर्शन का मामला सुप्रीम कोर्ट में है और जांच कमेटी भी बना दी गई है। भाजपा महासचिव स्मृति ने कहा कि सुरक्षाबलों पर भी हमला हुआ था, उनके लिए राहुल नहीं बोले। दिल्ली पुलिस ने साहिल की मां की शिकायत पर FIR दर्ज की है। इस FIR के मुताबिक अज्ञात आरोपियों पर BNS की धारा 118 और 125 के तहत आरोप लगाए गए हैं। धारा 118 जानबूझकर खतरनाक हथियारों या खतरनाक साधनों से किसी को चोट पहुंचाने पर लगती है।

### एमपी-यूपी की सात ...

इसके बाद कुल्लू में 43, चंबा में 9, कांगड़ा और सिरमौर में 6-6, शिमला और ऊना में 5-5 तथा लाहौल-स्पीति में 2 सड़कें बंद हैं।

### भोजशाला के पास ...

दोनों पक्षों के लिए अलग-अलग रास्ते बनाए गए थे।

जुमे की नमाज के दौरान भोजशाला में दोपहर को हनुमान चालीसा का पाठ और भजन-कीर्तन चलता रहा। श्रद्धालु पूजन-दर्शन करते रहे। घंटे-घड़ियाल, झांझ-मंजीरे और शंख की ध्वनि गूंजती रही। भोजशाला मामले में सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 29 अक्टूबर 2026 को तय की गई है। सभी पक्षों को जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

भोज उत्सव समिति के संरक्षक विश्वास पांडे ने कहा, हम तो प्रत्येक शुक्रवार को हनुमान चालीसा का पाठ करते आए हैं और करते रहेंगे। हमें सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा का जो अधिकार हिंदू समाज को मिला है, उसी के तहत हम पूजा-पाठ कर रहे हैं।

उन्होंने कहा- उससे (नमाज से) हमारा कोई लेना-देना नहीं है। हमें तो सिर्फ सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा का जो अधिकार मिला है, उसका हम माननीय न्यायालय के आदेश के तहत पालन कर रहे हैं और करते रहेंगे। भोजशाला हिंदुओं का मंदिर है। मां सरस्वती का स्थान है।

उन्होंने कहा- हम दोपहर 1 से 3 बजे के बीच हनुमान चालीसा का पाठ भक्ति भाव के साथ करेंगे। इसलिए सारा समाज यहां इकट्ठा हुआ है। प्रत्येक शुक्रवार क्या, हम तो प्रतिदिन मां की पूजा करते हैं।

